# भारत छोड़ो आंदोलन के सेनानियों को नमन : मोदी

**नईदिल्ली, 9 अगस्त. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन, काकोरी एक्शन, भारत छोड़ो आंदोलन, संस्कृत दिवस और अन्य अवसरों पर विचारशील और भावनात्मक संदेशों के माध्यम से देशवासियों को शुभकामनाएं दीं. उनके संदेशों में राष्ट्रप्रेम, संस्कृति और परंपरा के लिए प्रतिबद्धता झलकती है.**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महात्मा गांधी के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने वाले सभी वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. प्रधानमंत्री इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत छोड़ो वीरों का साहस और बलिदान देशभक्ति और राष्ट्र की स्वतंत्रता के प्रति समर्पण का एक ज्वलंत उदाहरण है। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट एक संदेश में कहा, हम उन सभी वीरों को कृतज्ञता के साथ याद करते हैं जिन्होंने बापू के प्रेरक नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया। उनके साहस ने देशभक्ति की एक ऐसी चिंगारी जलाई जिसने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए अनगिनत लोगों को एकजुट किया, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अगस्त क्रांति दिवस पर शनिवार को देश की आजादी के लिए शहीद होने वाले महान देशभक्तों को याद करते हुए नमन किया. खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि 1942 में राष्टपिता महात्मा गाँधी के अमूल्य मंत्र 'करो या मरो' से अंग्रेज़ी हुकूमत के विरुद्ध 'भारत छोड़ो आंदोलन' की शुरुआत हुई जिसने आज़ादी की लड़ाई को नया उत्साह प्रदान किया. भारत छोड़ो आंदोलन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अगुवाई में अनगिनत भारतीयों ने सड़कों पर उतरकर इस अविस्मरणीय इतिहास की गाथा लिखी. उन्होंने कहा, अगस्त क्रांति दिवस पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को हम कोटि-कोटि नमन करते हैं. रक्षासूत्र की नन्ही डोर सिर्फ कलाई नहीं बांधती, आत्मा को जोड़ती है. यह हर युग में मर्यादा और आत्मीयता की अमर गाथा बुनती है.

### संस्कृत का प्रभाव हर क्षेत्र में स्पष्ट : पीएम

नयी दिल्ली, 09 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को श्रावण पूर्णिमा के दिन विश्व संस्कृत दिवस के अवसर पर राष्ट्र को शुभकामनाएं दीं और संस्कृत को 'ज्ञान और अभिव्यक्ति का एक शाश्वत स्रोत' बताते हुए विभिन्न विषयों में इसकी स्थायी प्रासंगिकता और व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डाला. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई पोस्टों में श्री मोदी ने दुनिया भर के विद्वानों, छात्रों और उत्साही लोगों की सराहना की जो इस प्राचीन भाषा को सीखने और बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं. प्रधानमंत्री ने लिखा, श्रावण पूर्णिमा के दिन हम विश्व संस्कृत दिवस मना रहे हैं. संस्कृत ज्ञान और अभिव्यक्ति का एक शाश्वत स्रोत है. इसका प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों में देखा जा सकता है.

## छत्तीसगढ़ में बनेंगे 34 नए नालंदा परिसर

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए 34 नए नालंदा परिसर बना रही है. ये नालंदा परिसर केवल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, रायगढ़ जैसे बड़े शहरों में ही नहीं बन रहे बल्कि सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सूरजपुर, बैकुंठपुर, चिरमिरी, कुनकुरी, जशपुर, बलरामपुर, पेंड्रा जैसे शहरों में भी बन रहे हैं. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने पिछले दो वर्षों में 33 नए नालंदा परिसरों के लिए राशि स्वीकृत की है. वहीं रायगढ़ में सीएसआर से 700 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी का काम प्रगति पर है. इसके लिए रायगढ़ नगर निगम और एनटीपीसी के बीच 42 करोड़ 56 लाख रुपए का करार हुआ है.



# ट्रम्प अगले सप्ताह अलास्का में पुतिन से मिलेंगे

## यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने पर होगी बातचीत

- जो बाइडेन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी
- यूक्रेन द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय रियायतें दी जाएंगी

**वाशिंगटन, 09 अगस्त. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए संभावित शांति समझौते की शर्तों का पूर्वावलोकन करने के बाद अगले शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे.**

ट्रम्प ने शुक्रवार को ट्रुथ पर एक पोस्ट किया, अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में मेरे और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहुप्रतीक्षित मुलाकात अगले शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को अलास्का में होगी. उन्होंने बताया कि बैठक से जुड़ी जानकारियां जल्द बताई जाएंगी. श्री ट्रम्प पहले ही कह चुके हैं कि वह श्री पुतिन से जल्द मिलकर यूक्रेन युद्ध खत्म करने पर बातचीत करना चाहते हैं. अमेरिका और रूस के राष्ट्रपति आखिरी बार जून 2021 में मिले थे. उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और पुतिन ने जिनेवा में मुलाकात की थी. श्री ट्रम्प के अपने रूसी समकक्ष के साथ संबंध एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जो 2015 से अमेरिका नहीं आए हैं और 2018 से श्री ट्रंप से नहीं मिले हैं. ट्रंप समेत अमेरिकी अधिकारियों ने यूरोपीय नेताओं और यूक्रेनी अधिकारियों को रूसी राष्ट्रपति द्वारा यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए प्रस्तावित योजना के बारे में जानकारी दी है, जिसके बदले में यूक्रेन द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रीय रियायतें दी जाएंगी.

बुधवार को मॉस्को में एक बैठक में श्री पुतिन ने श्री ट्रंप के विदेश दूत स्टीव विटकॉफ के समक्ष प्रस्तुत योजना के अनुसार यूक्रेन को पूर्वी डोनबास क्षेत्र - जिसका अधिकांश भाग वर्तमान में रूस के कब्जे में है - और साथ ही क्रीमिया, जिस पर रूस ने 2014 में अवैध रूप से कब्ज़ा कर लिया था उसको छोड़ना होगा.

# विश्वास और भरोसे का प्रतीक रक्षाबंधन

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे-प्रियंका ने रक्षाबंधन पर दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली, 09 अगस्त. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रक्षाबंधन के अवसर पर शुभकामनाएं दी तथा उम्मीद जताई यह त्यौहार सद्भाव और भाईचारे को और मजबूत करेगा. खरगे ने कहा, बहन-भाई के अटूट प्रेम, विश्वास और स्नेह के पर्व रक्षाबंधन की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ.**





रक्षाबंधन का यह अनोखा त्योहार, जाति, धर्म और पंथ से ऊपर उठकर आपसी भाईचारे और एकजुटता को बढ़ावा देता. साथ ही, यह भारतीय समाज में महिलाओं की बराबरी और सम्मान पर भी प्रकाश डालता है. उम्मीद है कि राखी का यह पर्व हम सभी के जीवन में परस्पर प्रेम, सद्भाव और सौहार्द की भावना को मजबूत करेगा. वाड्रा ने कहा, भाई-बहन के बीच प्रेम, विश्वास और भरोसे के प्रतीक पर्व रक्षाबंधन की आप सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं. यह पावन पर्व आप सभी के जीवन में ढेरों खुशियां लाए.

## दिल्ली, आंध्र प्रदेश समेत पांच उच्च न्यायालयों में नियुक्तियां

**नई दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक न्यायिक अधिकारी को पदोन्नत कर दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है, साथ ही आंध्र प्रदेश, कलकत्ता, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक उच्च न्यायालयों के अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है. इसके अलावा, सात अतिरिक्त न्यायाधीशों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है. न्यायिक अधिकारी विमल कुमार यादव को दिल्ली उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है. आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायमूर्ति हरिनाथ नुनेपल्ली, किरणमयी मांडव, सुमति जगदम और न्यापति विजय को स्थायी न्यायाधीश बनाया गया है.

# परम्परा और विरासत को आगे बढ़ाने में बहनों का योगदान

**जयपुर. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रक्षाबंधन पर्व पर शनिवार को यहां वीरागंनाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी बहनों एवं स्कूल-कॉलेज छात्राओं से रक्षासूत्र बंधवाया.**



शर्मा ने बहनों को रक्षाबंधन की बधाई देते हुए कहा कि इस त्यौहार का हमारी संस्कृति में बहुत महत्व है. यह भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है. हमारे ऐसे त्यौहारों में समरसता एवं एकरूपता का संदेश निहित होता है. उन्होंने कहा कि हमारी परम्परा और विरासत को आगे बढ़ाने में बहनों का अहम योगदान है. बहनें परिवार में विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए उसे संजोने एवं संस्कारित करने की जिम्मेदारी निभाती है. इसलिए हमारी संस्कृति में बहनों का स्थान सर्वोपरि होता है. शर्मा ने कहा रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर छोटी एवं ब ?ी बहनों का स्नेह एवं आशीर्वाद मुझे मिला है. यह मेरे लिए अभेद्य सुरक्षा कवच है.

## अटलांटा में गोलीबारी में पुलिस अधिकारी और संदिग्ध की मौत

**अटलांटा.** अमेरिका में अटलांटा के एमोरी विश्वविद्यालय में गोलीबारी की एक घटना में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गयी और पुलिस की गोलीबारी में हमलावर भी मारा गया. गोलीबारी की ये घटना एमोरी विवि और अमेरिकी सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंज प्रीवेन्शनके परिसरों के करीब हुई. पुलिस को स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 4:50 बजे जानकारी मिली और उसने तुरंत कार्रवाई की. संदिग्ध व्यक्ति गोलीबारी की वजह से सीवीएस फार्मेसी के करीब दूसरी मंजिल पर फंस गया था. ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि संदिग्ध व्यक्ति पुलिस की गोली से मरा या उसने खुद अपनी जान ली.

# नशे के खिलाफ पंजाब सरकार ने छेड़ी जंग

- पंजाब में नशा तस्करी लंबे समय से समस्या रही है
- एंटी ड्रोन सिस्टम से रहेगी पाक की हर हरकत पर नजर

**पंजाब, 9 अगस्त. पंजाब में नशा तस्करी एक लंबे समय से गहराई हुई समस्या रही है. पूर्ववर्ती सरकारों पर मिलीभगत के आरोप लगते रहे हैं, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है. मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब सरकार ने इस समस्या के खिलाफ नई तकनीक से जंग छेड़ दी है.**

अब पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आने वाला नशा सुरक्षित नहीं रहेगा, क्योंकि राज्य में अत्याधुनिक एंटी ड्रोन सिस्टम लागू कर दिया गया है.

एंटी ड्रोन सिस्टम से होगी हर हरकत पर नजर पंजाब की नई सरकार ने नशे के खिलाफ जो युद्ध छेड़ा है, उसमें अब तकनीक सबसे बड़ा हथियार बन चुकी है. अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया है कि उनकी सरकार ने पंजाब में अत्याधुनिक एंटी ड्रोन सिस्टम लागू कर दिया है.



मुख्यमंत्री केजरीवाल का आरोप है कि पूर्ववर्ती सरकारों ने न सिर्फ इस पर आंखें मूंदी रखीं, बल्कि कई बार तस्करों से साठगांठ भी की. इसका नतीजा ये हुआ कि पंजाब की एक पूरी पीढ़ी नशे की गिरफ्त में चली गई. लेकिन अब हालात बदलने लगे हैं. सरकार ने नशे के सौदागरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है. कई बड़े नेताओं, अफसरों और तस्करों को जेल की हवा खिलाई जा रही है. एंटी ड्रोन सिस्टम सिर्फ ड्रोन गिराने तक सीमित नहीं है. यह रडार, सिग्नल जैमिंग, और इन्फ्रारेड डिटेक्शन जैसी तकनीकों से लैस है. इसका मतलब है कि जैसे ही कोई संदिग्ध ड्रोन पंजाब की सीमा में घुसेगा, सिस्टम उसे पहचानकर तुरंत निष्क्रिय कर देगा. सरकार का दावा है कि यह तकनीक नशे की सप्लाई चेन को पूरी तरह तोड़ देगी.



## महान नासा अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल का निधन

**वाशिंगटन, 09 अगस्त.** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के कई अंतरिक्ष मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिम लवेल का 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया. श्री लवेल 1970 में चंद्रमा पर उतरने के अपने प्रयास को तकनीकी कारण छोड़ने के लिए मजबूर हुए थे. उन्होंने अपोलो 13 मिशन का नेतृत्व किया था. नासा के अनुसार लवेल का 07 अगस्त को इलिनोइस के लेक फ़ॉरेस्ट में निधन हो गया.

# युवा कांग्रेस ने मनाया स्थापना दिवस

**नयी दिल्ली, 09 अगस्त (वार्ता) युवा कांग्रेस ने शनिवार को धूमधाम से अपना 65वां स्थापना दिवस मनाया और इस मौके पर देशभर में ध्वजारोहण कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये.**



युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरुण पांडे ने बताया कि संगठन के स्थापना दिवस पर युवा कांग्रेस ने देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये, जिसमें बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया. मुख्य कार्यक्रम यहां राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित किया गया, जिसमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने ध्वजारोहण किया. पांडे ने बताया कि युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने पूरे देश में ब्लॉक स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किये. संगठन के यहां स्थित मुख्यालय में 65वां स्थापना दिवस धूम-धाम से मनाया गया, जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारणी के पदाधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष और युवा कांग्रेस कार्यकर्त्ता शामिल हुये. इस मौके पर श्री चिब ने कहा कि युवा कांग्रेस अपने स्थापना दिवस पर सबसे बड़े युवा संगठन के संघर्षों को याद करता है.

युवा कांग्रेस के पास गतिशील नेताओं और सांसदों का एक समृद्ध इतिहास है, जिन्होंने अपनी उल्लेखनीय नीतियों और योगदान के साथ भारत के विकास का मार्ग प्रशस्त किया है. उनका कहना था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में, युवा कांग्रेस एक जीवंत, गतिशील और लोकतांत्रिक संगठन बना हुआ है.

### एक नजर में



## स्काईरूट एयरोस्पेस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की

**चेन्नई.** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शनिवार को कहा कि निजी रॉकेट निर्माता स्काईरूट एयरोस्पेस ने रॉकेट के प्रथम चरण के मोटर का सफल परीक्षण करने के साथ एक बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि स्काईरूट एयरोस्पेस के विक्रम-1 रॉकेट के पहले चरण कलाम 1200 मोटर का पहला स्थैतिक परीक्षण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में सफलतापूर्वक पूरा किया गया. इसरो ने कहा, यह विक्रम-1 प्रक्षेपण यान की प्रणालियों के निर्माण एवं प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. मोटर 11 मीटर लंबी, 1.7 मीटर व्यास की एकल टुकड़े की मिश्रित मोटर है जिसमें ईंधन भार 30 टन है.

## हथियारों की होड़ से शांति संभव नहीं : गुटेरेस

**संयुक्त राष्ट्र.** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को जापान के नागासाकी में परमाणु हमले की चपेट में आकर मरने वाले लोगों को याद किया और मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों पर टिप्पणी करते हुये कहा कि हथियारों की होड़ से शांति और सुरक्षा हासिल नहीं की जा सकती. गुटेरेस ने कहा कि वह 80 साल पहले 09 अगस्त को नागासाकी पर हुये परमाणु हमले में मारे गये हजारों लोगों को याद करते हैं और उन लोगों के शोक में शामिल हैं जिन्होंने उस दिन अपने प्रियजनों को खो दिया था. उन्होंने उस हमले में जिंदा बच्चे लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त किया. इस मौके पर जारी बयान में श्री गुटेरेस ने कहा कि आज एक बार फिर दुनिया पर परमाणु हथियारों की काली छाया मंडराने लगी है.

## डॉ. स्टीफन मिरान फेडरल रिजर्व बोर्ड में नियुक्त

**वाशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आर्थिक सलाहकार परिषद के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. स्टीफन मिरान को फेडरल रिजर्व बोर्ड में नियुक्त किया है. बोर्ड में यह पद रिक्त था और वह इस पद पर 31 जनवरी 2026 तक रहेंगे. इस बीच ट्रम्प प्रशासन फेड गवर्नर एड्रियाना कुगलर के इस्तीफे से रिक्त हुए पद पर उपयुक्त व्यक्ति की तलाश जारी रखेगा जिनका इस्तीफा 8 अगस्त से प्रभावी होगा. ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट एक बयान में कहा मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि मैंने डॉ. मिरान को चुना है. वह मेरे दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से ही मेरे साथ हैं, और अर्थशास्त्र के क्षेत्र में उनकी जबर्दस्त विशेषज्ञता है.

# भारत-ब्राज़ील ने अमेरिकी प्रतिबंधों को नकारा

## बहुपक्षवाद और निष्पक्ष व्यापार के समर्थन का वादा

**नयी दिल्ली/ब्राज़ीलिया,09 अगस्त. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों और आयात शुल्क की कड़ी आलोचना की है. दोनों नेताओं ने बहुपक्षवाद की रक्षा और निष्पक्ष व्यापार को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रूप से काम करने का संकल्प दोहराया.**

एक घंटे की बातचीत में आर्थिक मुद्दों पर चर्चा

गुरुवार को मोदी और लूला के बीच लगभग एक घंटे तक फोन पर वार्ता हुई, जिसमें वैश्विक आर्थिक परिदृश्य, बढ़ते व्यापार तनाव और आपसी समन्वय की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई. बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने बहुपक्षवाद की रक्षा और वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की आवश्यकता पर जोर दिया. अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत और ब्राज़ील दोनों पर 50प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है. इसके अलावा, रूसी तेल की खरीद को लेकर भारत पर 25त्न का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है, जो पहले से लागू 25त्न शुल्क के अतिरिक्त है. ब्राज़ील पर भी समान अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है, जिसका कारण ट्रम्प ने देश के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो की कैद को बताया.

### ब्रिक्स और डॉलर का मुद्दा

भारत और ब्राज़ील दोनों ब्रिक्स समूह के सदस्य हैं. ट्रम्प ने इस समूह को अमेरिका की आर्थिक सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए आरोप लगाया है कि ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं.

### यूक्रेन संघर्ष पर भी दबाव

ट्रम्प ने यूक्रेन युद्ध में रूस पर दबाव बनाने के लिए उसके व्यापारिक साझेदारों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की धमकी दी है. रूस ने इसे खारिज करते हुए कहा कि संप्रभु राष्ट्र अपने व्यापारिक साझेदार स्वतंत्र रूप से चुन सकते हैं.

### आज का इतिहास

- **1173 :** इटली में पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण शुरू हुआ.
- **1683 :** एक आदेश के जरिए ब्रिटिश राजशाही ने ईस्ट इंडिया कंपनी को एशिया में युद्ध अथवा शांति की घोषणा का अधिकार दिया.
- **1788 :** गुलाम कादिर ने दिल्ली के सुलतान शाह आलम द्वितीय की आंख में अपना खंजर घोंपकर उसे अंधा कर दिया.
- **1831 :** अमेरिका में पहली बार स्टीम इंजन ट्रेन चली.
- **1892 :** थॉमस अल्वा एडिसन ने टू-वे टेलिग्राफ का पेटेंट कराया.
- **1925 :** क्रांतिकारियों ने काकोरी में एक ट्रेन लूटी, उनका मकसद ट्रेन से सरकारी खजाना लूटकर हथियार खरीदना था.

# नीतीश ने वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधकर पौधारोपण किया

**पटना, 09 अगस्त. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षा बंधन एवं बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस% के पावन अवसर पर आज राजधानी वाटिका में वृक्ष को रक्षा सूत्र बांधा.**



मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर राजधानी वाटिका में पौधे का रोपण भी किया. गौरतलब है कि 13 अगस्त 2012 को रक्षा-बंधन के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'बिहार वृक्ष सुरक्षा दिवस का शुभारंभ किया था. इसका उद्देश्य है कि पर्यावरण के प्रति लोग जागरूक हों, पौधों को संरक्षित करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें. जलवायु परिवर्तन से पृथ्वी पर हो रहे नुकसान को कम करने के लिए वृक्षारोपण करना एवं इन्हें बचाना अतिआवश्यक है. जल- जीवन -हरियाली एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है. राज्य में इको टूरिज्म को भी बढ़ावा दिया जा रहा है.

राहत | धराली आपदा प्रभावितों के लिए मुख्यमंत्री ने की बड़ी घोषणाएं

# मृतकों के परिजनों को पांच लाख रुपए की सहायता राशि

**देहरादून, 09, अगस्त. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद उत्तरकाशी के धराली गांव में आई प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के पुनर्वास एवं राहत के लिए शनिवार को दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं.**

उन्होंने आपदा में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए पांच लाख रुपये की तत्काल सहायता राशि और आपदा में मृतकों के परिजनों को भी पांच लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी ताकि उन्हें इस कठिन समय में आर्थिक सहारा मिल सके. मुख्यमंत्री ने आपदा से प्रभावित ग्राम वासियों के पुनर्वास, समग्र पुनरुद्धार एवं स्थायी आजीविका के सुदृढ़ीकरण के लिए एक तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है. यह समिति सचिव, राजस्व की अध्यक्षता में गठित की गई है जो एक सप्ताह के भीतर अपनी प्राथमिक रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करेगी. यह समिति धराली गांव के भविष्य के लिए दीर्घकालिक एवं प्रभावी नीति का खाका तैयार करेगी, जिससे स्थानीय समुदाय की सुरक्षा और आजीविका सुनिश्चित की जा सके. धामी ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार हर आपदा प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी. शासन स्तर पर राहत एवं पुनर्वास की कार्यवाही को त्वरित और प्रभावशाली रूप से क्रियान्वित किया जाएगा.

### दिल्ली एनसीआर में शनिवार सुबह से ही मूसलाधार बारिश

दिल्ली-एनसीआर में शनिवार सुबह से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है. शहर की सड़कें पानी में डूबी हैं, जगह-जगह पेड़ गिरने और ट्रैफिक जाम की खबरें आ रही हैं. मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश की चेतावनी दी है. दिल्ली-एनसीआर में शनिवार सुबह से मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है. राजधानी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद के कई हिस्सों में भारी जलभराव की स्थिति बनी हुई है. सूरजपुर-कासना रोड, रामा रोड, द्वारका, लक्ष्मी नगर, साकेत और आईटीओ जैसे प्रमुख इलाकों में सड़कें पानी से लबालब हैं.

### धराली में फंसे 343 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद में पांच अगस्त को आई भीषण प्राकृतिक आपदा में फंसे कुल 343 लोगों को शनिवार 13.15 बजे तक सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है. सचिव, राज्य आपदा एवं पुनर्वास, विनोद कुमार सुमन ने यह जानकारी देते हुए कहा कि आज सुबह शुरू हुए रेस्क्यू के दौरान, कुल 226 लोगों को आईटीबीपी मातली जबकि 107 लोगों को हवाई पट्टी चिन्यालीसौड़ और 10 को देहरादून लाया गया. उन्होंने बताया कि एक जनरेटर लेकर एक चिनूक हेलिकाप्टर ने जॉलीग्रांट से उड़ान भरी जबकि दूसरा चिनूक जनरेटर लेकर धरासू से हर्षिल के लिए भेजा गया.

## महिला सशक्तिकरण के लिए हर साल दस हज़ार ई-रिक्शा वितरित किए जाएँगे : तरकरे

**कोल्हापुर.** महाराष्ट्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए इस वर्ष महिलाओं के बीच 10 हज़ार ई-रिक्शा वितरित करने का निर्णय लिया है. एक मंत्री ने शनिवार को जानकारी दी. महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तरकरे ने बताया कि पिंक ई-रिक्शा चार्जिंग पर चलेगा और इसमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए जीपीएस सिस्टम के साथ-साथ रिक्शा में बैठे व्यक्ति की तस्वीर लेने की सुविधा भी होगी. इसके लिए प्राप्त 700 आवेदनों में से इस वर्ष कोल्हापुर शहर में 400 महिला लाभार्थियों ने पिंक रिक्शा के लिए अर्हता प्राप्त की है. महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पिंक ई-रिक्शा और रुपे कार्ड वितरित किया.